# समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों तक पहुंच रहा जिला प्रशासन

## घरघोड़ा के बरौनाकुंडा में लगा पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

- दूरस्थ अंचल में समस्याओं का निराकरण व शासन की योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य-कलेक्टर
- शिविर में 2440 आवेदनों का किया गया निराकरण






रायगढ़

जन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन अब लोगों तक पहुंच रहा है। जिले का पहला जनसमस्या निवारण शिविर घरघोड़ा के दूरस्थ ग्राम बरौनाकुंडा में लगाया गया। यहां आस पास के 14 ग्राम पंचायतों के निवासियों के समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया गया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि लंबे समय बाद जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ अंचल में आप तक पहुंचकर आपकी समस्याओं का निराकरण करना और शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी यहां पहुंचे है। आप सभी शासन की इन योजनाओं के बारे में जाने, समझें और उनका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्वक निराकरण आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। महिलाओं के स्वास्थ्य और बच्चों में कुपोषण स्तर की नियमित जांच पर उन्होंने बल दिया और लोगों से भी अपील किया कि जागरूक होते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि विभागों के स्टाल में जाकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में खून की जांच करवाएं। जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना वे अपना कार्ड जरूर बनवाएं। आधार कार्ड में त्रुटि तो है तो उसे भी सुधार करवाये। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। जनपद अध्यक्ष सहोद्रा राठिया ने इस अवसर पर कहा कि यह जिला प्रशासन की अभिनव पहल है। जो दूरस्थ अंचल के गांवों में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर जिला स्तर के सभी अधिकारी यहां के निवासियों के समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज एक साथ शासन की सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है आप अपनी आवश्यकतानुसार योजनाओं का लाभ उस विभाग के काउंटर पर जाकर अवश्य लें। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शिविर स्थल पर हर काउंटर का निरीक्षण कर वहां विभागीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों व उनके निराकरण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

शिविर में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया, जनपद अध्यक्ष घरघोड़ा सहोद्रा राठिया, अरुणधर दीवान, साहनू राम पैंकरा, नरेश बेहरा, जेनेश्वर मिश्रा, फूलो बाई, ममता अशोक पंडा, रमेश गुप्ता, डॉ.राजेश पटेल, एसडीएम रमेश मोर, तहसीलदार विकास जिंदल, जनपद सीईओ लैलूंगा विरेन्द्र राय, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी तरशिला एक्का, उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, सहायक संचालक मत्स्य एम.के.पाटले, ईई विद्युत विभाग आर.के.राव सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**14 पंचायतों में 1 सप्ताह तक आवेदन लेने लगा कैंप, 2440 आवेदन किए निराकृत-** जन समस्या निवारण शिविर आयोजित होने से पूर्व बरौनाकुंडा सहित आसपास के 14 पंचायतों में 03 से 08 जुलाई तक लोगों से उनके आवेदन, मांग और शिकायत लेने के लिए शिविर लगाए गए। प्राप्त आवेदनों की छंटाई कर संबंधित विभागों में निराकरण के लिए भेजा गया। इस अवधि में 2 हजार 729 आवेदन प्राप्त हुए थे। जन समस्या निवारण शिविर में इनमें से निराकृत 2440 की जानकारी आवेदकों को दी गई। शिविर के दिन 584 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शेष आवेदनों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के लिए निर्देशित किया।

**विभागों ने बताया शासन की योजनाओं का कैसे लें लाभ-** जन समस्या निवारण शिविर में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने मंच से शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित हितग्राहियों को बताया कि इन योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। इसमें स्वास्थ्य, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राजस्व, कृषि, पुलिस, मछली पालन, उद्यानिकी, खाद्य, श्रम, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, वन, रेशम, जल संसाधन, एनआरएलएम, शिक्षा, सहकारिता, अपेक्स बैंक, डाक विभाग, आदिवासी विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं और उनके लाभ लेने की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण-** जन समस्या निवारण शिविर के अंत में स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल सहित कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर पीपल, आम, आंवला आदि पौधे लगाए गए।

**हितग्राहियों को दिया गया विभागीय योजनाओं का लाभ-** जन समस्या निवारण शिविर के दौरान हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि, सामग्री व प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत सुश्री नैना बेहरा को 20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा सिंचाई पम्प व बीज वितरण किया गया।

पशु पालन विभाग द्वारा मिनरक मिक्चर, पेंशन शाखा द्वारा पेंशन प्रमाण-पत्र, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा वन पट्टा व आय, निवास प्रमाण-पत्र, मछली पालन विभाग द्वारा आईस बॉक्स व जाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड व सिकल कार्ड मौके पर बनाए गए। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को गणवेश वितरण के साथ दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। मौके पर हितग्राहियों के मनरेगा जॉब कार्ड भी बनाया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्न प्रासन्न करवाया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शासकीय निष्प्रयोज्य अग्निशमन वाहनों की नीलामी कार्यवाही 26 जुलाई को

**रायगढ़।** कार्यालय, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, रायगढ़ के निष्प्रयोज्य घोषित अग्निशमन वाहनों के नीलामी की कार्यवाही 26 जुलाई 2024 को दोपहर 3 बजे चांदमारी स्थित फायर स्टेशन में होगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के पूर्व कार्यालयीन दिवस एवं समय में आकर वाहनों का निरीक्षण कर सकते है तथा नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते है।

### भालुओं ने बुजुर्ग को नोंचा, मौत



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)।** बीती रात भालुओं के हमले से बुजुर्ग की मौत हो गई है। पूरा मामला हाथियों और भालुओं के क्षेत्र के नाम से मशहूर वन्नांचल क्षेत्र मरवाही का है, जहाँ बाबूलाल गोंड पिता सहदेव सिंह , जो लटकोनी गांव के रहने वाले हैं, वे अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम लिटियासराई आए हुए थे , बीती रात करीब पौने ग्यारह बजे खाना खा कर लघु शंका के लिए घर से बाहर गली की तरफ निकले , तभी घर के पास जामुन का फल खाने आए दो भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी सूचना रिश्तेदारो ने आपातकालीन सेवा डायल 108 को दी, सूचना पाकर आपातकालीन सेवा में तैनात एम्बुलेंस स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल मरीज बाबूलाल को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जन समस्या निवारण शिविर के लिए बसों में सवार होकर एक साथ गए जिला प्रशासन के अधिकारी

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की पहल

रायगढ़



11 जुलाई से जिले में जन समस्या निवारण शिविर की शुरूआत हो गई। इन शिविरों में जिला प्रशासन की सभी विभागों की सहभागिता होगी। जिले का पहला शिविर घरघोड़ा विकासखण्ड के बरौनाकुंडा गांव में लगाया गया। कार्तिकेया गोयल की पहल पर जन समस्या निवारण शिविर के लिए जिला अधिकारी कलेक्ट्रेट से बसों में सवार होकर बरौनाकुंडा पहुंचे। इससे टीम भावना विकसित होने के साथ शिविर में आवेदकों के प्राप्त आवेदनों व समस्याओं के निवारण में अंतर्विभागीय समन्वय बेहतर होता है। साथ ही निर्धारित समय पर शिविर में सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होने के साथ अलग-अलग वाहनों से जाने में व्यय होने वाले ईंधन की भी बचत होती है।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

रायगढ़




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का जिला स्तरीय शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में किया गया। जिसकी थीम ( नन्ही कुटुम्ब सखी कुटुम्ब)था। इस अवसर पर परिवार नियोजन के स्थायी-अस्थायी साधनों उपयोग एवं फायदे के बारे में जानकारी दी गई। परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर, जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता एवं भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान ए.एन.एम और मितानिनें घर-घर जाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को परिवार नियोजन के स्थायी विधि जैसे- एन.एस.व्ही.टी, एल.टी.टी, सी.टी.टी, एवं सी-सेक्शन सीजेरियन के साथ ही महिला नसबंदी की जानकारी दे रहे है। अस्थायी विधि- अनचाहे गर्भ की रोकथाम ,चाहे गये बच्चे पैदा करना, दो बच्चो के बीच में पर्याप्त अंतर कायम रखना, परिवार नियोजन की अस्थायी विधियाँ जैसे-गर्भ निरोधक टेबलेट माला-एन, टेबलेट माला-डी, टेबलेट छाया, टेबलेट ई-पिल्स, कॉपर-टी 380, मल्टी लोड 375, अंतरा इंजेक्शन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया। ये सभी साधन समस्त शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं छोटा और स्वास्थ्य परिवार सुखी जीवन का आधार है।

शुभारंभ कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.आर.पैंकरा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.नैन्सी लकड़ा, बीईटीओ विनोद एक्का, बीडीएम सुनीत कुजुर, पर्यवेक्षक रोहित डनसेना, डीईओ चंद्रभान सिदार, एन.एम.ए बी.एस. नायक, नर्सिंग सिस्टर गीता चौधरी, स्टाफ नर्स सरिता साहु, ममता साहू, नेहा पटेल, परिवार नियोजन परामर्श दाता विनिता नायक, आर.एच.ओ. नमिता बोहिदार, कुमार सिंह सिदार, मितानिन प्रेरक व हितग्राही उपस्थित थे।

## भखारा में फिर से होगी टीईटी परीक्षा

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बीते 23 जून को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी. धमतरी जिले के शासकीय कॉलेज भखारा में परीक्षार्थीयों को एक घंटा लेट उत्तर पुस्तिका मिला था. जिसको लेकर परीक्षार्थीयों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन कर कलेक्टर से शिकायत किया था. और मांग किया था कि उन्हें बोनस अंक दिया जाये या फिर परीक्षा रद्द कर फिर से परीक्षा कराया जाए. जिसको लेकर व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर ने भखारा के शासकीय कॉलेज में फिर से परीक्षा आयोजित कराने का फैसला लिया है. वहीं परीक्षा 20 जुलाई को होगा. बता दें भखारा कॉलेज में 23 जून को टीईटी की परीक्षा में 288 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. वहीं दूसरे पॉली की परीक्षा में परीक्षार्थीयों को एक घंटा लेट उत्तर पुस्तिका वितरण किया गया था. जिसको लेकर परीक्षार्थीयों ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी शिकायत की थी। बताया जा रहा है कि परीक्षार्थी जो 20 जुलाई को आयोजित परीक्षा में शामिल होंगे उनकी पूर्व की उत्तर पुस्तिका को निरस्त माना जाएगा. और उनका परिणाम 20 जुलाई को आयोजित होने वाली उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाएगा. जबकि जो परीक्षार्थी दुबारा परीक्षा में शामिल नहीं होंगे उनका परिणाम 23 जून की उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाएगा।

## अब छत्तीसगढ़ के हर घरों में लगेगा स्मार्ट मीटर

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को अब प्रीपेड मोबाइल, डीजीएच और ब्रॉडबैंड की तरह अपने बिजली मीटर को भी पहले रिचार्ज कराना होगा। इसके बाद उन्हें बिजली की आपूर्ति की जायेगी.

इन दिनों रायपुर समेत प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

प्रदेश भर में 54 लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं, जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे, जो मोबाइल सिम की तरह काम करेंगे। ग्राहकों को तय पैकेज के आधार पर मीटर को रिचार्ज कराना होगा। ग्राहक जितना रिचार्ज कराएंगे उतनी ही बिजली खर्च कर सकेंगे।

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि मीटर लगने से पूरा सिस्टम ऑटोमैटिक हो जाएगा। रिचार्ज खत्म होने पर बिजली की आपूर्ति बंद हो जाती है, ठीक वैसे ही जैसे मोबाइल फोन का रिचार्ज खत्म होने पर कॉलिंग, इंटरनेट और एसएमएस बंद हो जाता है। हालाँकि, यदि रिचार्ज रात में समाप्त हो जाता है, तो बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। लेकिन, उसे अगली सुबह ही स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराना होगा।

सीएसपीडीसीएल अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल शहर की विभिन्न कॉलोनियों के हर घर में ट्रायल के तौर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिन्हें कुछ दिनों बाद रिचार्ज कराना होगा। बकाया बिजली बिल भुगतान की समस्या से निजात पाने के लिए ऐसा किया जा रहा है.

रिचार्ज पर खर्च किए गए बजट की जानकारी ग्राहकों को हर हफ्ते एसएमएस के जरिए भेजी जाएगी। वहीं, जब रिचार्ज खत्म होने वाला होगा तो इसका अलर्ट हफ्ते में तीन बार दिया जाएगा। ग्राहकों को अब सालाना सिक्योरिटी डिपॉजिट से भी छूट मिलेगी.

### पूर्वानुमान

## 15 जुलाई से जमकर बरसेगी बदरा

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने वाला है। दरअसल इस बीच मौसम विभाग ने जुलाई से 15 जुलाई के बीच प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढऩे के आसार जताए हैं।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के दक्षिण क्षेत्र मुख्य से रूप से भारी बारिश होने की संभावनाएं हैं। ऐसे में इस बीच होने वाली बारिश की स्थिति कुछ अच्छी नहीं रहेगी। जिसके चलते यहां पर बारिश सामान्य से 28 प्रतिशत कम हुई है। ऐसे में प्रदेश के कुछ बड़े जलाशय और तालाब अब भी सूखा पड़ा है।आपको बतादें कि इस बीच बुधवार की सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं, साथ ही इन इलाकों में हल्की से माध्यम बारिश हुई है। इसी कड़ी में मौसम विशेषज्ञ संजय बैरागी में जानकारी देते हुए कहा कि, अभी प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसे ही बना रहने वाला है। हालांकि इससे यहां के न्यूनतम व अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं इस दौरान बारिश के चलते वजह से मौसम में ठंडकता बनी रहेगी।ऐसे में राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गए गए हैं।

## ईडी-एसीबी की एफआईआर निरस्त करने के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

- डबल बैंच ने फैसला रखा सुरक्षित

बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी और एसीबी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करने अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर आदि की ओर से पेश क्रिमिनल मिस्लेनियस पिटीशन पर बुधवार शाम तक सुनवाई चली. मामले में लंबी बहस के बाद चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें, कि शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईडी ने अनिल टुटेजा, यश टुटेजा, अनवर ढेबर, विधु गुप्ता, निरंजन दास और एपी त्रिपाठी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है . सभी आरोपी पहले से ही रायपुर सेंट्रल जेल में हैं. अपने खिलाफ किये गए नए एफआईआर को निरस्त करने की मांग लेकर आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. मामले में बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में सुबह से बहस शुरू हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा कि एक बार सुप्रीम कोर्ट ने जब एफआईआर क्वेश कर दी थी, तब पुराने तथ्यों और आधारों पर ही फिर एफआईआर दर्ज करना वैधानिक नहीं है. मामले में नए सिरे से जांच किए जाने के बाद ही यह कार्रवाई हो सकती थी. मामले में सभी पक्षों के तर्कों और बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट की डीबी ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मिला विभागीय योजनाओं का लाभ, हितग्राहियों के खिले चेहरे, जिला प्रशासन की हुई सराहना, ग्रामीणों ने कहा कि यह एक अच्छी पहल

रायगढ़




ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत आज घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरौनाकुण्डा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिससे हितग्राहियों के चेहरे खिले दिखे। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जिला प्रशासन की एक अच्छी पहल है। जिससे जिले का पूरा विभागीय अमला उनके गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनते हुए उसका निराकरण कर रहे है।

जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे ईश्वर दास एवं गुलाब सिंह ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है कि जिला प्रशासन आज उनके गांव पहुंचे है और गांव वाले अपनी समस्याएं बता रहे है। आवेदन पश्चात आज हमें शिविर में वन अधिकार पत्र पुस्तिका प्राप्त हुआ है। जिससे अब हमारी खेती-किसानी आसानी में होगी। इसी तरह ग्राम टेरम निवासी डालेश्वर अजगल्ले ने बताया कि वे एक सीमांत किसान है। खराब मौसम के कारण विद्युत अवरोध होने से खेतों में समय पर सिंचाई नहीं हो पाती थी। उन्होंने शाकंभरी योजना में एक सप्ताह पूर्व फार्म भरा था, जिससे आज उन्हे कलेक्टर गोयल के हाथों से वाटर पम्प मशीन मिला है। इससे वो अब पेट्रोलियम ईंधन की सहायता से भी सिंचाई कर सकते है। ग्राम फगुरम निवासी चंद्रिका प्रसाद राठिया ने बताया कि वे उनके पास दो तालाब एवं एक जलाशय है, जिसमें वे मछली पालन कर विक्रय का कार्य करते है। उन्होंने बताया कि मछली व्यवसाय में मछली को ताजा रखना सबसे बड़ी जरूरत है, जिसके लिए विभागीय योजनान्तर्गत आवेदन किया था। जिसके पश्चात आज शिविर स्थल में उन्हें आइस बॉक्स मिला है। इससे मछली ताजा रहेगी, साथ ही कमाई में भी इजाफा होगा। जीरामोती राठिया ने बताया कि उनके पास पुराने जाल थे। जिससे मछली पकडऩे में दिक्कत होती थी। उन्होंने विभाग में आवेदन दिया था और आज शिविर में नए जाल मिलने से वह काफी खुश है। उन्होंने कहा कि अब मछली पकडऩे में सुविधा होगी। ग्राम नवागढ़ के दाऊ साय ने बताया कि उनके जोड़ों में दर्द हो रहा था, उन्हें पता चला कि जन समस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग का स्टाल लगा है, तो वे यहां आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ लेकर अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त किए। जांच के बाद डॉक्टर द्वारा उन्हें नि:शुल्क दवाईयां दी गई है। लाभान्वित हितग्राहियों ने शासन को धन्यवाद देते हुआ कहा कि जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन से उन्हें विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही उसका लाभ भी मिल रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480